दैनिक
# जयवर्द्धन

jaivardhannews.com जयवर्द्धन NEWS

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

वर्ष - 01 | अंक - 49 | राजसमंद - गुरुवार, 10 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

पेज 4 पर पढ़े - हिंदुस्तान जिंक की ग्रीन लॉजिस्टिक्स में बड़ी पहल



## 5 राज्यों के चुनाव में भाजपा को 1,473 करोड़ रु. चंदाः कांग्रेस से 7 गुना ज्यादा; असम में 96 करोड़ रु. खर्च किए, 22 सीटें ज्यादा जीतीं

**जयवर्द्धन न्यूज़**

**नई दिल्ली।** असम, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस के मुकाबले करीब 7 गुना ज्यादा चंदा मिला। 15 मार्च से 4 मई तक की चुनावी अवधि में भाजपा को रु. 1,472.8 करोड़, जबकि कांग्रेस को रु. 207.17 करोड़ मिले।

चुनाव आयोग ने बुधवार को ये आंकड़े जारी किए। केरल और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा के खर्च का पूरा विवरण अभी सामने नहीं आया है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, भाजपा ने असम में सबसे ज्यादा रु. 96 करोड़ खर्च किए। पार्टी ने यहां 82 सीटों पर जीत दर्ज की, जो 2021 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 22 सीटें अधिक हैं।

असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने सरकार बनाई। वहीं केरल में इंडिया गठबंधन और तमिलनाडु में टीवीके तथा कांग्रेस की सरकार बनी।



**कांग्रेस का चंदा घटकर रु. 103.2 करोड़ हुआ**

चुनावी अवधि के दौरान भाजपा के कोष में रु. 904.6 करोड़ का इजाफा हुआ। 15 मार्च को पार्टी के पास रु. 6,722.6 करोड़ थे, जो 6 मई तक बढ़कर रु. 7,627.2 करोड़ हो गए।

वहीं कांग्रेस के चुनावी कोष में रु. 65.86 करोड़ की कमी आई। चुनावी अवधि की शुरुआत में पार्टी के पास करीब रु. 169.06 करोड़ थे। इनमें रु. 22.9 करोड़ नकद और रु. 146.1 करोड़ बैंक खातों में जमा थे। 6 मई तक यह रकम घटकर करीब रु. 103.2 करोड़ रह गई।

**पुडुचेरी में भाजपा ने रु. 11.90 करोड़ खर्च किए**

भाजपा ने असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में करीब रु. 159.7 करोड़ खर्च किए। इसमें करीब रु. 130.4 करोड़ सामान्य पार्टी प्रचार पर और बाकी राशि उम्मीदवारों से जुड़े खर्च में लगी। असम में भाजपा ने सबसे ज्यादा रु. 96.27 करोड़ खर्च किए। इसमें रु. 76.73 करोड़ सामान्य प्रचार और रु. 19.54 करोड़ उम्मीदवारों पर खर्च हुए। तमिलनाडु में भाजपा का कुल खर्च रु. 51.56 करोड़ रहा। इसमें रु. 44.51 करोड़ सामान्य प्रचार और रु. 7.05 करोड़ उम्मीदवारों से जुड़े खर्च पर लगाए गए। हालांकि पार्टी को यहां सिर्फ एक सीट मिली।

तमिलनाडु में मीडिया विज्ञापनों पर करीब रु. 23.96 करोड़, स्टार प्रचारकों की यात्रा पर करीब रु. 10.04 करोड़ और प्रचार सामग्री पर करीब रु. 5.85 करोड़ खर्च किए गए।

पुडुचेरी में भाजपा ने रु. 11.90 करोड़ खर्च किए। इसमें रु. 9.19 करोड़ सामान्य प्रचार और रु. 2.71 करोड़ उम्मीदवारों पर खर्च हुए।

**कांग्रेस ने प्रचार पर रु. 143 करोड़ खर्च किए**

कांग्रेस ने पांचों राज्यों में सामान्य पार्टी प्रचार पर रु. 143 करोड़ और उम्मीदवारों पर रु. 105.55 करोड़ खर्च किए। इस तरह उसका कुल चुनावी खर्च करीब रु. 248.55 करोड़ रहा।

कांग्रेस के केंद्रीय मुख्यालय ने पांचों राज्यों में सामान्य प्रचार पर रु. 40.52 करोड़ खर्च किए। वहीं राज्य और स्थानीय इकाइयों ने इसी मद में रु. 102.49 करोड़ खर्च किए।

कांग्रेस के सामान्य प्रचार खर्च में केरल की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा रही। वहां पार्टी ने रु. 59.28 करोड़ खर्च किए। इसके बाद असम में सामान्य प्रचार पर रु. 22.62 करोड़ खर्च किए गए।

**साल 2024-25 में राजनीतिक दलों की आय**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024-25 में भाजपा की कुल आय रु. 6,769.15 करोड़ रही।

## राजसमंद में भाजपा की प्रचंड लहर

**- विधायक माहेश्वरी के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान**




**जयवर्द्धन न्यूज़**

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी द्वारा विभिन्न वार्डों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया और मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आव्हान किया। उन्होंने वार्ड 8 से सुरभि सुनील पालीवाल, वार्ड 9 से चंपालाल कुमावत, वार्ड 11 से सुंदर कुंवर, वार्ड 12 से कुलदीप सिंह गौरव, वार्ड 14 से खुश कमल कुमावत, वार्ड 17 से तारा देवी पुर्बिया, वार्ड 25 से मोहन कुमावत, वार्ड 26 से मधु चोरड़िया, वार्ड 27 से चंचल अटवाल, वार्ड 28 से विकास पालीवाल, वार्ड 29 से कृष्ण कुमार अग्रवाल तथा वार्ड 35 से धीरज पुरोहित के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क किया। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद की विचारधारा के साथ जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है, इसी कारण जनता का अटूट विश्वास पार्टी के साथ है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ नगर परिषद में भी विकास कार्यों को गति देकर जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक माहेश्वरी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी पांच वर्षों में राजसमंद एक सुव्यवस्थित एवं समग्र रूप से विकसित स्मार्ट शहर के रूप में स्थापित होगा, जहां बेहतर सड़क, पेयजल, स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे विकास की इस यात्रा में भागीदार बनते हुए भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि राजसमंद के समग्र विकास का संकल्प साकार हो सके।

## प्रथम चरण का मतदान के दौरान सुबह से शाम तक फील्ड में रहे कलक्टर-एसपी

**- नाथद्वारा व आमेट के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण : सुनिश्चित की समुचित व्यवस्थाएं**

**जयवर्द्धन न्यूज़**

**राजसमंद।** निकाय चुनाव 2026 के प्रथम चरण के तहत बुधवार को नाथद्वारा एवं आमेट नगर पालिकाओं में हुए मतदान के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरुण कुमार हसीजा एवं पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलक्टर-एसपी दिनभर फील्ड में रहे और मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को देखते रहे। दोनों अधिकारियों ने नाथद्वारा के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 13 . स्वतंत्रता सेनानी स्व श्री नरेन्द्र पाल सिंह चौधरी राबाउमावि नाथद्वारा का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया का अवलोकन करते



हुए मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, मतदाताओं की सुविधा एवं सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली। अधिकारियों ने मतदान कार्मिकों से मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात कलक्टर एवं एसपी कृषि विस्तार कार्यालय, नाथद्वारा स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने मतदान केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मतदाताओं के सुगम एवं व्यवस्थित मतदान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही एवं व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। इसके पश्चात कलक्टर-एसपी ने आमेट नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपादित करने के निर्देश दिए।

## मातृकुंडिया में 1.75 करोड़ की लागत से बनेगा पंचमुखी महादेव मंदिर

**- राजसमंद में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय**



**जयवर्द्धन न्यूज़**

**राजसमंद।** अखिल मेवाड़ राज माली समाज ट्रस्ट मातृकुंडिया की प्रबंधकारिणी की बैठक बुधवार अपराह्न जिला संस्थान स्थित पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की गई। अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट बी एल माली ने की, जबकि संचालन महामंत्री लालूराम माली द्वारा किया गया। बैठक में एजेंडा अनुसार विचारणीय बिंदुओं पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक के दौरान मेवाड़ के हरिद्वार कहे जाने वाले देवनगरी तीर्थ स्थल मातृकुंडिया स्थित समाज की स्वामित्व वाली भूमि पर भगवान श्रीपंचमुखी महादेव मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया। मंदिर निर्माण (मटीरियल एवं लेबर सहित) का ठेका मैसर्स श्री श्याम टेम्पल कांट्रेक्टर (मनडोरा, जिला पाली) के प्रो नरेंद्र सोमपुरा को 1.75 करोड़ रुपये में दिया गया है। निर्माण कार्य की समयावधि 2 वर्ष तय की गई है, जिसमें राजसमंद की सुप्रसिद्ध धोली खान का उच्च गुणवत्ता वाला सफेद मार्बल उपयोग में लिया जाएगा। इसके साथ ही धरातल से 7 फीट गहराई तक फाउंडेशन कार्य का ठेका मैसर्स हरे कृष्णा कंस्ट्रक्शन (आमेट) के प्रो विनोद भोई को सौंपा गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट बीएल माली ने बताया कि मंदिर निर्माण के अग्रिम भुगतान के रूप में 19.25 लाख रुपये का चेक संबंधित फर्म को सौंप दिया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर शिलान्यास के शुभ मुहूर्त पर संपूर्ण मेवाड़ क्षेत्र से राज माली समाज के परिवारों को आमंत्रित करने के लिए घर-घर पीले चावल बांटे जाएंगे। साथ ही भामाशाहों को इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा और शिलान्यास समारोह पर उनका मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया जाएगा। इस दौरान ट्रस्ट के संरक्षक बद्रीलाल भोई, प्रेमशंकर माली, उपाध्यक्ष जगदीश भोई, संगठन मंत्री हीरालाल माली, जिला सचिव मांगीलाल भोई, भामाशाह भंवरलाल माली, मोहनलाल माली, स्वरूपलाल माली, भेरूलाल माली, राजूलाल माली, लादूलाल माली, दीपक माली, किशनलाल माली और हरीश माली सहित समाजजन मौजूद थे।

## आईएफएस प्रतिक्षा काले ने संभाला कुंभलगढ़ एसीएफ का पदभार

**- वन अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया स्वागत**

**जयवर्द्धन न्यूज़**

**कुंभलगढ़।** भारतीय वन सेवा (आईएफएस) की ऑल इंडिया सेकेंड टॉपर एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्रतिक्षा नाना साहेब काले ने बुधवार को कुंभलगढ़ वन विभाग में सहायक वन संरक्षक का पदभार संभाला। आईएफएस अधिकारी के रूप में यह उनकी पहली पोस्टिंग है। पदभार ग्रहण करने पर रेंजर



प्रेमचंद कुमावत ने उनका स्वागत कर क्षेत्र के बारे मे विस्तार से जानकारी दीं। काले की नियुक्ति से कुंभलगढ़ वन विभाग में उत्साह का माहौल है। क्षेत्र में वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल रहेगा। इस दौरान वन रक्षक हेमंत नागदा, सहायक वनपाल मुकेश कुमार मीणा, वन रक्षक नरसा राम सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### तकनीक की लत के शिकार होते बच्चे

इन दिनों दुनिया भर में बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम पर चिंता जताई जा रही है। आस्ट्रेलिया ने सबसे पहले 16 साल तक के बच्चों पर स्कूल में मोबाइल ले जाने और टिकटाक, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब आदि के इस्तेमाल पर रोक लगाई। ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन आदि देशों ने भी थोड़े-बहुत फेरबदल के साथ ऐसा किया है। फ्रांस, ब्रिटेन, स्पेन, कनाडा, पुर्तगाल, इटली, दक्षिण कोरिया आदि देश भी ऐसा कर रहे हैं या तैयारी में हैं। इस मामले में भारत में हिमाचल सरकार ने स्कूलों में मोबाइल ले जाने पर पाबंदी लगा दी है। कर्नाटक की सरकार 16 साल तक के बच्चों के लिए डिजिटल मीडिया पर बैन और स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर लगाम कसेगी। आश्चर्यजनक रूप से अमेरिका में ऐसा नहीं किया गया है। इसका कारण शायद यह है कि तमाम बड़ी टेक कंपनियां अमेरिकी ही हैं। इन्होंने ही ऐसे एल्गोरिदम विकसित किए हैं, जो बच्चों को फोन और डिजिटल मीडिया की लत लगा देते हैं। इससे इन्हें भारी मुनाफा होता है। पूंजी के मालिकों को वही भगवान लगती है, दुनिया के बच्चों का क्या होता है, यह दुनिया जाने।

टेक कंपनियों के मालिक यह जानते हैं कि बच्चों पर मोबाइल स्क्रीन और उन पर देखे जाने वाले तमाम कार्यक्रमों का क्या असर पड़ता है। इसलिए वे अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखते हैं। है न कमाल। एक तरफ यह सिखाया गया है कि तकनीक ही असली भगवान है। अगर बच्चों ने जल्द से जल्द इसे नहीं सीखा तो सफलता और जीवन की रेस में पिछड़ जाओगे और दूसरी तरफ उन्हें इसी तकनीक का लती बनाया जा रहा है। पिछले दिनों एक बड़ी टेक कंपनी के मालिक ने अपनी दूसरी बेटी के जन्म पर खुशी प्रकट करते हुए एक पत्र में लिखा कि बच्ची बाहर खेलेगी। फूलों की खुशबू को महसूस करेगी। पत्तों को देखेगी।

ऐसी ही एक और बड़ी टेक कंपनी के कर्ता-धर्ता अपने बच्चे को मोबाइल के पास भी नहीं फटकने देते। एक और बड़ी टेक कंपनी के सर्वेसर्वा ने 11 साल की उम्र तक अपने बेटे को फोन से दूर रखा। इसी तरह कंप्यूटर की दुनिया में बहुत नाम कमाने वाली कंपनी के बड़े भारतीय अफसर ने अपने बच्चों को 14 साल की उम्र तक फोन का इस्तेमाल नहीं करने दिया। एक और टेक कंपनी के प्रमुख अपने बच्चों के स्क्रीन टाइम को लेकर समय से बहुत पाबंद हैं। एआइ से जुड़े एक दिग्गज अपने बच्चों के जीवन में एआइ की घुसपैठ जल्दी नहीं कराना चाहते। साफ है कि ये लोग चाहते हैं कि इनके बच्चे मिट्टी की सुगंध महसूस करें। प्रकृति को जीवन का हिस्सा बनाएं। हमेशा भगदड़ में रहने के मुकाबले अकेले रहना भी सीखें।

आज अमेरिका समेत पश्चिमी देशों में ऐसे बहुत से पार्क हैं, जहां बच्चों को विशेष रूप से मिट्टी में खेलने के लिए ले जाया जाता है। कहते हैं कि इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसकी तगड़ी फीस भी देनी पड़ती है।

# स्वाध्याय से होती है स्वयं की खोज और चरित्र निर्माण : खोखावत

**- स्वाध्याय दिवस पर प्रज्ञा विहार में गूंजे आध्यात्मिक विचार, उपासकों ने बताए स्वाध्याय के पांच प्रमुख भेद**

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** कांकरोली स्थित प्रज्ञा विहार परिसर में चल रही पर्युषण पर्वाराधना के दूसरे दिन बुधवार को स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान तेरापंथ धर्मसंघ के उपासक राहुल खोखावत एवं उपासक चिराग शाह (सूरत) ने श्रद्धालुओं को स्वाध्याय के महत्व और उसके आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराया। स्वाध्याय दिवस पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपासक खोखावत ने कहा कि स्वयं की खोज के साथ ही स्वाध्याय का जन्म होता है। जब व्यक्ति अपने अस्तित्व और चरित्र निर्माण की दिशा में यह विचार करता है कि मैं कौन हूं और अपने जीवन को किस प्रकार श्रेष्ठ बना सकता हूं, तभी उसके भीतर स्वाध्याय की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि स्वयं को शुद्धात्मा के रूप में स्मरण करना ही सच्ची स्वाध्याय साधना है। स्वाध्याय केवल सांसारिक ज्ञान तक सीमित न होकर आत्मकल्याण और आध्यात्मिक चेतना का मार्ग प्रशस्त करने वाला होना चाहिए। स्वाध्याय के प्रकाश में व्यक्ति को अपने भीतर के विकार स्पष्ट दिखाई देने लगते हैं, जिन्हें आत्मचिंतन के जरिए दूर किया जा सकता है। उन्होंने बारह प्रकार के तपों में स्वाध्याय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान सूरत से पधारे उपासक चिराग शाह ने स्वाध्याय के पांच प्रमुख प्रकारों- वाचना (सत्साहित्य का अध्ययन)




पृच्छना (जिज्ञासापूर्वक प्रश्न करना) परिवर्तना (प्राप्त ज्ञान का पुनरावर्तन) अनुप्रेक्षा (तत्वों का गहन चिंतन) और धर्मकथा (धार्मिक चर्चा व उपदेश) की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित स्वाध्याय ज्ञान, चिंतन और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वाध्याय के लिए ब्रह्ममुहूर्त का समय और शांत वातावरण विशेष उपयोगी होता है। संचालन तेरापंथ सभा के मंत्री ललित बापना ने किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मौजूद होकर धर्माराधना का लाभ उठाया।

# निकाय चुनाव को लेकर आमेट पुलिस की बड़ी कार्रवाई : अज्ञात कार से 184 पव्वे अवैध शराब बरामद

जयवर्द्धन न्यूज

**आमेट।** आगामी नगर निकाय आम चुनाव-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के भंडारण, बिक्री और परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आमेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आई-20 कार से देशी व अंग्रेजी शराब के 184 पव्वे बरामद कर कार को जब्त किया है। एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक एवं कुंभलगढ़ वृत्ताधिकारी जितेंद्र सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी रोहित




कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। मंगलवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार



पर पुलिस टीम ने फलासिया रोड पर लावारिस खड़ी सफेद रंग की आई-20 कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 144 पव्वे देशी शराब और 40 पव्वे मैकडॉवेल्स नंबर-1 अंग्रेजी शराब के बरामद हुए। मौके पर वाहन के पास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला और न ही शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध परमिट पाया गया। पुलिस ने अवैध शराब और परिवहन में प्रयुक्त कार को कब्जे में लेकर आमेट थाने पर मामला दर्ज कर लिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक उप निरीक्षक शंकर सिंह, हेड कांस्टेबल यशपाल सिंह और कांस्टेबल सुरेश शामिल थे। पुलिस अब वाहन मालिक, चालक और इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी हुई है।

# राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में निःशुल्क स्त्री रोग चिकित्सा शिविर आज

**- महिलाओं से संबंधित रोगों की होगी जांच व उपचार**

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय गणेश नगर में गुरुवार को निःशुल्क स्त्री रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का निःशुल्क परामर्श, जांच और औषधियां उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर प्रभारी डॉ परसराम योगी ने बताया कि इस एकदिवसीय शिविर के दौरान महिलाओं से संबंधित विभिन्न रोगों जैसे सफेद पानी आना (ल्यूकोरिया) माहवारी में अनियमितता, अत्यधिक या कम रक्तस्राव, और पीसीओडी आदि की निःशुल्क जांच कर उपचार किया जाएगा तथा दवाइयां प्रदान की जाएंगी। यह शिविर गणेश नगर स्थित जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। शिविर आयोजकों ने परामर्श के लिए आने वाली महिला रोगियों से अपील की है कि वे बेहतर उपचार और जांच की सुगमता के लिए अपने रोग से संबंधित पुरानी पर्ची एवं पूर्व में कराई गई रिपोर्ट साथ अवश्य लाएं।

# न्यायाधीश ने किया वृद्धाश्रम मोही का मासिक निरीक्षण

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव भारत भूषण पाठक ने बुधवार को वृद्धाश्रम मोही का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में कुल 10 वृद्धजन उपस्थित मिले। सचिव पाठक ने वृद्धजनों से भोजन, आवास, स्वास्थ्य एवं अन्य उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। वृद्धजनों ने भोजन एवं अन्य सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त



किया। निरीक्षण में पाया गया कि वृद्धजनों को निर्धारित मीनू के अनुसार समय पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सचिव ने वृद्धजनों के बिछौने के चद्दर एवं तकियों को नियमित अंतराल पर धुलवाने तथा बिस्तरों को समय-समय पर खुले मौसम में रखने के निर्देश दिए, ताकि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बनी रहे। उन्होंने वृद्धाश्रम की समस्त व्यवस्थाओं को नियमित रूप से सुव्यवस्थित रखने तथा वृद्धजनों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। पाठक ने वृद्धजनों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित व्यवस्थापकों को आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को सम्मानजनक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# पर्युषण पर्व : प्रज्ञा विहार में सुबह से देर रात तक भक्ति का माहौल

**- सामायिक से अर्हत् वंदना तक हो रही साधना**

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** कांकरोली स्थित प्रज्ञा विहार परिसर में पर्युषण पर्व के तहत प्रतिदिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक साधना के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पर्व की आराधना के तहत सुबह ब्रह्ममुहूर्त से लेकर देर रात तक परिसर धार्मिक गतिविधियों से गुंजायमान है। सभा के मंत्री ललित बापना ने बताया कि पर्युषण पर्व के दौरान प्रतिदिन सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक भोर की सामायिक का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 से 10:30 बजे तक धर्मसभा में प्रवचन आयोजित हो रहे हैं। दोपहर में 2:15 से 3:45 बजे तक तत्वज्ञान एवं धार्मिक विषयों की कक्षाएं लगाई जा रही हैं, जिनमें श्रावक-श्राविकाओं को जैन दर्शन और धार्मिक सिद्धांतों की गहन जानकारी दी जा रही है। सायंकालीन सत्र में 6:30 से रात 8 बजे तक वंदना एवं प्रतिक्रमण का आयोजन हो रहा है, जिसमें श्रद्धालु आत्मचिंतन, आत्मावलोकन और संयम साधना से जुड़ रहे हैं। तथा रात्रि 8:30 से 9:30 बजे तक अर्हत् वंदना एवं अन्य रात्रिकालीन धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। सभा की ओर से श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे इन आयोजनों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर धर्माराधना, स्वाध्याय और आत्मशुद्धि का लाभ उठाएं। प्रज्ञा विहार में दिनभर चलने वाले इन आयोजनों से संपूर्ण वातावरण धर्ममय बना हुआ है।

# स्वस्थ व सफल जीवन के लिए सेवा करना अति महत्वपूर्णः डॉ श्यामा दीदी

**- प्राकृतिक आहार व योग साधना से निरोगी रहने का दिया संदेश**

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर साइंटिफिक स्पिरिचुअलिज्म मेरठ एवं मानस साधना परिवार कांकरोली के तत्वावधान में अणुव्रत साधना शिखर पर आयोजित सात दिवसीय पंचम आवासीय स्वास्थ्य व आध्यात्मिक शिविर के चौथे दिन साधकों को संस्था की आध्यात्मिक प्रमुख डॉ श्यामा दीदी व राधा दीदी का सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मानस साधना परिवार के संरक्षक जगदीश प्रसाद व्यास, बालमुकुंद तोतला, पुष्पा तोतला एवं विद्या दाधीच सहित अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए डॉ श्यामा दीदी ने तप, सेवा और सुमिरन की साधना के तहत सेवा के सिद्धांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सफल और स्वस्थ जीवन के



लिए प्रत्येक मनुष्य को प्राणी मात्र की सेवा करनी चाहिए, क्योंकि बिना सेवा के जीवन न तो सफल हो सकता है और न ही मनुष्य निरोगी रह सकता है। उन्होंने बताया कि प्रकृति का यह नियम है कि हम जो देंगे, वही हमारे पास कई गुना होकर वापस लौटेगा। सनातन संस्कृति में भोजन की पहली रोटी गौ माता और अंतिम रोटी पशु-पक्षियों के लिए निकालने का विधान भी इसी प्राणी सेवा की भावना को दर्शाता है। उन्होंने साधकों को अपनी आय का दसवां हिस्सा समाज के वंचित वर्ग की सेवा में लगाने तथा तन, मन और धन से समाज कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। मीडिया प्रभारी जितेंद्र लड्ढा ने बताया कि प्रातःकालीन सत्र में साधकों को जलनेति क्रिया, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम तथा कमर दर्द के विशेष व्यायाम कराए गए। शिविर में मेरठ से पधारे मुख्य प्रशिक्षक डॉ गोपाल शास्त्री विशिष्ट आहार पद्धति और सकारात्मक सोच के माध्यम से असाध्य रोगों के उपचार का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

शिविर के दौरान साधकों को प्रातः फलों का जूस, दोपहर में अपक्व आहार तथा सायंकाल 80 प्रतिशत सब्जी व 20 प्रतिशत अनाज युक्त संतुलित आहार दिया जा रहा है। इस दौरान कमल किशोर व्यास, जितेंद्र दाधीच, सीमा झंवर, दिनेश झंवर, सुरेश व्यास, भगवती प्रसाद शर्मा और महेश दाधीच सहित देशभर से आए अनेक साधक नियमित रूप से सेवाएं दे रहे हैं और आध्यात्मिक जीवनचर्या का लाभ उठा रहे हैं।

# हिंदुस्तान जिंक की ग्रीन लॉजिस्टिक्स में बड़ी पहल

## - माइंस से स्मेल्टर तक परिवहन के लिए बेड़े में शामिल होंगे 30 इलेक्ट्रिक ट्रक

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद**। विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी और शीर्ष वैश्विक चांदी उत्पादकों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने पर्यावरण-अनुकूल परिवहन नेटवर्क की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने एमएफएल इंडिया लिमिटेड के साथ 6 वर्ष के परिवहन अनुबंध (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत खानों से स्मेल्टर तक कॉन्संट्रेट परिवहन के लिए 30 इलेक्ट्रिक ट्रकों को बेड़े में शामिल किया जाएगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी। यह अनुबंध आगे 2 वर्षों के लिए बढ़ाया भी जा सकता है। इसके तहत विश्व की सबसे बड़ी भूमिगत जिंक खदानों में से एक रामपुरा आगूचा (राजस्थान) से जिंक और लेड कॉन्संट्रेट को स्मेल्टर तक पहुंचाने के लिए पारंपरिक डीजल ट्रकों के स्थान पर चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक ट्रकों का संचालन होगा। एमएफएल इंडिया लिमिटेड इस मार्ग पर विश्वसनीय इलेक्ट्रिक परिवहन के लिए विशेष ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित और संचालित करेगी। इस दौरान हिंदुस्तान जिंक के सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने बताया कि भविष्य के खनन उद्योग की पहचान केवल धातुओं के उत्पादन से ही नहीं, बल्कि उनके जिम्मेदार और कुशल परिवहन से भी होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और स्थानीय समुदायों के विकास में सहायक सिद्ध होगी। वहीं एमएफएल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं



राजसमंद। हिंदुस्तान जिंक में एमएफएल इंडिया लिमिटेड के साथ 6 वर्ष के परिवहन अनुबंध (एमओयू) पर हस्ताक्षर करते अधिकारी।

प्रबंध निदेशक अनिल ठुकराल ने इसे स्वच्छ औद्योगिक लॉजिस्टिक्स के लिए एक टिकाऊ और दीर्घकालिक व्यावसायिक मॉडल करार दिया। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान हिंदुस्तान जिंक ने अपने लॉजिस्टिक्स बेड़े में 42 नए इलेक्ट्रिक वाहन जोड़े हैं, जिससे कंपनी के ग्रीन वाहनों की कुल संख्या 232 पहुंच गई है। इसमें 52 इलेक्ट्रिक वाहन और 180 एलएनजी वाहन शामिल हैं। वर्ष 2050 या उससे पहले नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य के तहत कंपनी अपने ऊर्जा मिश्रण में रिन्यूएबल एनर्जी की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत तक बढ़ा चुकी है।

# साइबर सुरक्षित राजस्थान अभियान के तहत व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयवर्द्धन न्यूज़

### साइबर ठगी से बचाव के बताए उपाय

**राजसमंद**। महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं, जयपुर) के निर्देशानुसार सितंबर 2026 को साइबर सुरक्षित राजस्थान जन-जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन तथा साइबर थानाधिकारी (डीएसपी) दुर्गाप्रसाद दाधीच के नेतृत्व में व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं बाजार जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के पेट्रोल पंपों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मंडियों, हाट-बाजारों और दुकानों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए




गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों व ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान साइबर विशेषज्ञ खैरुल वसीम ने उपस्थित व्यापारियों एवं आमजन को क्यूआर कोड फ्रॉड, फर्जी भुगतान स्क्रीनशॉट, यूपीआई धोखाधड़ी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया ठगी, फर्जी ग्राहक बनकर होने वाली ठगी तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि साइबर अपराधी थोड़ी सी लापरवाही का फायदा उठाकर आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए प्रत्येक डिजिटल लेनदेन में सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भुगतान प्राप्त करने के लिए कभी भी यूपीआई पीन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती।

**साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने का आह्वान**

सहायक उपनिरीक्षक नारायण शर्मा ने व्यापारियों को साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय और ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करते समय बरती जाने वाली सावधानियां बताई। उन्होंने किसी भी साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सूचना सहायक दलवीर मीणा एवं कांस्टेबल प्रणाली गोदारा ने व्यापारियों को सुरक्षित डिजिटल आदतें अपनाने पर जोर दिया।

व्यापारियों और दुकानदारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्न पूछे तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। जिला पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान जिले में सुरक्षित डिजिटल वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# द्वारकाधीश मंदिर में मनी छठी उत्सव : ग्वाल दर्शन में स्वर्ण पालने में विराजे प्रभु

## - झूले में झूला कर भक्तों ने लिया बाल लीलाओं का आनंद

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद**। श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के प्रसिद्ध श्रीद्वारकाधीश मंदिर में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी (श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के छठवें दिन) पर परंपरा अनुसार छठी का पलना उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रभु द्वारकाधीश बाल लीला के भाव से मनमोहक स्वर्ण पालने में विराजित हुए। सुबह श्रृंगार के दर्शनों में प्रभु द्वारकाधीश के मस्तक पर लाल रंग की छोटी कुल्हे, काम का जोड़ और सूती पीली झगुली धारण कराई गई। साथ ही लाल सूथन, श्याम ठाड़े वस्त्र तथा बाल लीला के विशेष आभरण व वनमाला से प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के दर्शन सुबह 8:30 बजे खुले, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रृंगार दर्शन के पश्चात निज तिवारी को सजाया गया और द्वार पर दो-दो केले के पेड़ लगाए गए। इसके बाद प्रभु द्वारकाधीश को स्वर्ण पालने में पधराया गया। तृतीय पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज के आज्ञानुसार मंदिर के मुखिया एवं सहायक मुखिया ने छठ के पलना की सेवा अर्पित की। प्रभु को बाल भाव से झूले में झुलाया गया, झुनझुना बजाकर रिझाया गया तथा फर्श पर सोने-चांदी की फिरकनी घुमाकर व लकड़ी के विभिन्न खिलौनों से खिलाया गया। ग्वाल झांकी में स्वर्ण पालने के यह दिव्य दर्शन लगभग आधा घंटा चले, जिसका स्थानीय व दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद लिया। इसके पश्चात सुबह 11:30 बजे राजभोग के दर्शन खुले, जहां मंदिर मुखिया ने राजभोग की आरती उतारी। दिनभर उत्थापन,



भोग, आरती व शयन के दर्शन नियमानुसार संपन्न हुए।

# श्री द्वारकाधीश मंदिर प्रशासन ने शुरू किया संपर्क अभियानः शिक्षक सम्मान 2026 के लिए 25 सितंबर तक मांगे आवेदन

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद**। श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर प्रशासन मंडल द्वारा शिक्षक सम्मान 2026 के सफल आयोजन को लेकर व्यापक संपर्क अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के अधिकारियों से समन्वय साधा जा रहा है। मंदिर प्रशासन के कार्यालय अधीक्षक बंशीलाल पालीवाल ने जिले के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों राजसमंद,



कुंभलगढ़, रेलमगरा, आमेट, खमनोर, देलवाड़ा, भीम एवं देवगढ़ में संपर्क साधकर अधिकाधिक उत्कृष्ट शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित करने की अपील की है। इसी कड़ी में भीम और देवगढ़ के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से गहन चर्चा की गई। योजना के अनुसार प्रत्येक ब्लॉक कार्यालय से वर्गवार चयनित उत्कृष्ट 15-15 शिक्षकों के आवेदन आगामी 25 सितंबर 2026 तक जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजसमंद को भेजने का आह्वान किया गया है।

**जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने जारी किया संशोधित आदेश**

मामले में प्रगति लाते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) राजसमंद द्वारा संशोधित आदेश जारी किया गया है। इसके तहत ब्लॉक कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों में से जिला स्तरीय कमेटी द्वारा वर्गवार 15 श्रेष्ठ अध्यापकों का चयन 30 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार अन्य सभी पात्रता शर्तें एवं आवेदन प्रक्रिया पूर्व में जारी दिशानिर्देशों के तहत यथावत रहेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### धर्मेटा में गूंजी मेवाड़ की प्रसिद्ध गवरी की गूंज, लोक संस्कृति के रंग में रंगा गांव

**- पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों के बीच कलाकारों ने किया गवरी मंचन**



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद**। मेवाड़ की सदियों पुरानी लोकनाट्य परंपरा गवरी की जीवंत प्रस्तुतियों से धर्मेटा गांव का माहौल बुधवार को उत्सवमय हो उठा। समीपवर्ती गांव पर्वतखेड़ी से आए गवरी कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर ढोल-नगाड़ों और लोकधुनों की थाप पर नृत्य, अभिनय एवं लोककथाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों के पारंपरिक पात्रों और सजीव अभिनय ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। गवरी देखने के लिए धर्मेटा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़े। कलाकारों की प्रस्तुति के साथ पूरा वातावरण मेवाड़ की लोक संस्कृति, आस्था और परंपरा के रंग में रंग गया। दर्शक तालियों और उत्साहवर्धन के साथ कलाकारों का हौसला बढ़ाते नजर आए। गवरी महज नृत्य या मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि मेवाड़ की लोक आस्था, सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत पहचान है। धर्मेटा में हुए इस आयोजन ने न केवल ग्रामीणों का मनोरंजन किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और लोक परंपराओं से जोड़ने का संदेश दिया। देर तक चली प्रस्तुतियों के दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

### पर्यवेक्षक ऋषभ मंडल ने राजसमंद नगर परिषद के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**- मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद**। नगरीय निकाय चुनाव 2026 के तहत नियुक्त पर्यवेक्षक (आईएएस) ऋषभ मंडल ने बुधवार को राजसमंद नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा, निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) ओम प्रभा, लाइजिंग अधिकारी खनि अभियंता ललित बाछरा, तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह कितावत, हिम्मतलाल सालवी, नरेन्द्र कुमार मय टीम मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि नगर निकाय चुनाव के द्वितीय चरण के तहत राजसमंद नगर परिषद में 11 सितंबर को मतदान होना है। इसके मद्देनजर प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने किए श्रीनाथजी के दर्शन



जयवर्द्धन न्यूज़

**नाथद्वारा**। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (दिल्ली) के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता अपनी धर्मपत्नी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ कुंभलगढ़ व राणकपुर होते हुए नाथद्वारा पहुंचे। उन्होंने यहां पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ के प्रभु श्रीद्वारकाधीश जी और प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन कर देश व समाज की समृद्धि की कामना की। नाथद्वारा आगमन पर बाबूलाल गुप्ता ने श्रीनाथजी मंदिर में मंगला आरती और राजभोग झांकी के दर्शन किए। दर्शन के उपरांत श्रीकृष्ण भडार के अधिकारी सुधाकर शास्त्री ने गुप्ता का ईकलाई और फैंटा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ (जयपुर) के उदयपुर संभागीय प्रभारी प्रकाश सोनी, जिला खाद्यान्न व्यापार सोसायटी (राजसमंद) के जिलाध्यक्ष कमल खंडेलवाल, महामंत्री विशाल पालीवाल, कोषाध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष जगदीश कुमावत, उपाध्यक्ष देवीलाल टांक और अभिषेक खंडेलवाल मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआरके महाविद्यालय में नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान का आगाज



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा परिसर, समाज और राष्ट्र को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सुमन बड़ोला ने नशा मुक्ति संकल्प बैनर पर हस्ताक्षर कर किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशे के गंभीर शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवन जीने का आह्वान किया। अभियान के दौरान महाविद्यालय के समस्त प्रोफेसर सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बैनर पर हस्ताक्षर किए। सभी ने महाविद्यालय परिसर, समाज और देश को नशामुक्त बनाने तथा स्वयं किसी प्रकार के नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता फैलाना और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाना है। यह अभियान महाविद्यालय के नई किरण नशा मुक्ति केंद्र द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन केंद्र के सलाहकार डॉ विभा शर्मा व डॉ गोपाललाल कुमावत तथा प्रभारी अधिकारी विजय लक्ष्मी चारण व डॉ जयश्री के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हुआ।

### बच्चों ने क्ले डिजाइन के माध्यम से दिखाई अपनी कलात्मकता



जयवर्द्धन न्यूज़

जयपुर। फ्लिब लैब और धारा शक्ति फाउंडेशन के सहयोग से क्ले डिजाइन बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई। फ्लिब लैब की फाउंडर डायरेक्टर राधिका सिंह ने बताया कि कार्यशाला के दौरान बच्चों ने क्ले से जुड़ी विभिन्न मनोरंजक और रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता व्यक्त करने के लिए एक आनंददायक मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी बनाई कलाकृतियों के माध्यम से रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। फ्लिब लैब का उद्देश्य कला और रचनात्मक अनुभवों के माध्यम से लोगों को जोड़ना तथा उनके लिए यादगार अनुभव तैयार करना है।

### कथा का हर क्षण मूल्यवान - पंडित भगवती कृष्ण महाराज

जयवर्द्धन न्यूज़

**भीलवाड़ा।** श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज विकास समिति के तत्वावधान में श्री महापुराण कथा समिति द्वारा आयोजित श्री विश्वकर्मा महापुराण कथा के आज अन्तिम दिवस मंगलवार को हमेशा की तरह श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। कथा मे पूरे दिन 'भगवान विश्वकर्मा' के बडे जयकारों और मधुर भजनों की धाक से पुरा माहौल भक्तिमय बन रहा था। दोपहर ठीक 1 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ कथा शुरु हुई, जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कथा वाचक पंडित श्री भगवती कृष्ण जी महाराज ने व्यास पीठ से भगवान श्री विश्वकर्मा की अद्भुत महिमा, स्वरूप और उनके वैश्विक महत्व का सजीव वर्णन करते हुए अवगत कराया की कथा में 7 दिन 7 घंटों के बराबर होता है और कहा कि श्री विश्वकर्मा जी का सम्बन्ध सभी वर्ग से रहा है कथा में महाराज जी ने 16 संस्कारों से भी अवगत कराया जिसमें गर्भधारण को बड़ा ही मुख्य बताया इसके अलावा कामुकता को अपना विनाश बताकर कहा कि अच्छे अच्छे योद्धा भी अपना बल खो गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पधारे हुए संत महात्माजी और जयपुर से पधारे अंगीरा पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर अभयदास जी महाराज ,विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा दानदाताओं का महाराज श्री द्वारा व्यास पीठ से आशीर्वाद एवं सम्मान किया गया। अंत में भगवान की भव्य महाआरती उतारी गई और उपस्थित महा समुदाय में महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# रोडवेज में बिना टिकट यात्री मिला तो सिविल डिफेंस परिचालक पर FIR, नौकरी भी जाएगी

**कोटा में चेकिंग के दौरान दो यात्री बिना टिकट मिले, 2000 रुपए जुर्माना वसूला**

जयवर्द्धन न्यूज़



**कोटा।** राजस्थान रोडवेज ने अब बसों में टिकट की गड़बड़ी करने वाले सिविल डिफेंस परिचालकों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। रोडवेज बस में अगर बिना टिकट यात्री मिला, तो मामला सिर्फ विभागीय कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि संबंधित सिविल डिफेंस परिचालक के खिलाफ नजदीकी पुलिस थाने में एफआईआर तक दर्ज कराई जा सकती है।यानी टिकट में गड़बड़ी अब परिचालक की नौकरी के साथ-साथ उसे कानूनी कार्रवाई तक पहुंचा सकती है। निगम की ओर से ऐसे मामलों में परिचालक की धरोहर राशि जब्त करने, सेवाएं समाप्त करने और ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी। राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय की सांख्यिकी शाखा ने 7 सितंबर को प्रदेश के सभी आगारों के मुख्य प्रबंधकों को निर्देश जारी किए हैं। मुख्यालय ने माना है कि कुछ आगारों में सिविल डिफेंस परिचालकों की आय की नियमित निगरानी नहीं हो रही थी। कई मामलों में सिर्फ एक रोटेशन की आय के आधार पर परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी।अब बिना टिकट यात्री मिलने पर कार्रवाई और सख्त होगी।

### कोटा में चेकिंग के दौरान 2 यात्री मिले बिना टिकट

कोटा में भी रोडवेज अधिकारियों ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। रोडवेज के मुख्य प्रबंधक अजय कुमार मीणा ने मंगलवार दोपहर को कोटा से जयपुर जा रही एक बस को रुकवाकर जांच की। जांच के दौरान दो यात्री बिना टिकट यात्रा करते मिले। दोनों से कुल 2000 रुपये जुर्माना वसूला गया।

# हरित क्रांति की धरती पर सब्जियां हुईं जहरीली? पंजाब-हरियाणा में कीटनाशकों का बढ़ा प्रकोप

जयवर्द्धन न्यूज़



देश-दुनिया का पेट भरने का दावा करने वाली हरित क्रांति की धरती के निवासी आज स्वस्थ सब्जी को तरस रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब हरियाणा में सब्जियों पर अत्यधिक कीटनाशकों का प्रयोग किया जा रहा है, जो चिंता का विषय बनता जा रहा है। पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों में फलों-सब्जियों के कई नमूनों में कीटनाशकों के अवशेष तय सीमा से अधिक पाए गए हैं। पंजाब में 55 और हरियाणा में 152 सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे। तय सीमा से अधिक कीटनाशक अवशेषों का लंबे समय तक सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है जिससे कई बीमारियां होने का खतरा है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार सब्जियों, फलों, मसालों, अनाज, दालों और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने खुदरा दुकानों, थोक बाजारों, सहकारी समितियों, कृषि उपज बाजार (एपीएमसी) बाजारों, खेतों से सीधे और जैविक उत्पाद बेचने वाले केंद्रों से लिए गए हैं। इन नमूनों को 40 प्रयोगशालाओं द्वारा एकत्र किया गया और उनमें कीटनाशकों के अवशेषों की संभावित मौजूदगी की जांच की गई।

### खतरनाक आंकड़े

वर्ष 2023 से 2026 तक पंजाब में 6580 सैंपल लिए गए और 55 सैंपलों में कीटनाशकों के अवशेष तय मात्रा से अधिक पाए गए। इसी तरह हरियाणा में 2371 में से 152 नमूनों में तय मात्रा से अधिक अवशेष पाए गए हैं। इसी तरह हिमाचल प्रदेश में 5765 में से 92 नमूने, जम्मू-कश्मीर में 1489 में से 58 और राजस्थान में 3564 में से 111 फीसदी नमूनों में कीटनाशकों के अवशेष निर्धारित सीमा से अधिक पाए गए हैं।

### जैविक खेती की जरूरत

इन हालातों से बचने के लिए अब जैविक खेती करने की जरूरत महसूस हो रही है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें प्रयास कर रही हैं, लेकिन उनके वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। इसके लिए जहां जन जागरण फैलाने की आवश्यकता है वहीं सरकारी प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री ने निकाय चुनावों के दूसरे चरण के प्रचार के आखिरी दिन जयपुर में किया रोड शो

जयवर्द्धन न्यूज़



**जयपुर।** राजस्थान में निकाय चुनावों के दूसरे चरण के प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में रोड शो किया। मुख्यमंत्री के सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर जाने के बाद दोपहर के आसपास रोड शो शुरू हुआ। खुली जीप में सवार शर्मा के साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान निकाय चुनाव प्रभारी हरीश द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, जयपुर की सांसद मंजू शर्मा और विधायक बालमुकुंद आचार्य भी मौजूद थे। रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू हुआ और जौहरी बाजार व बड़ी चौपड़ से होते हुए त्रिपोलिया गेट पर खत्म हुआ। इस कार्यक्रम के लिए शहर के परकोटे वाले इलाके के कई बड़े बाजारों में आम गाड़ियों और सिटी बसों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। स्थानीय लोगों, दुकानदारों और आने-जाने वालों को दूसरे रास्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई थी। जयपुर का यह रोड शो भजनलाल शर्मा के जोरदार निकाय चुनाव प्रचार का समापन था।

बुधवार के कार्यक्रम के साथ ही शर्मा ने पिछले पांच दिनों में पूरे राजस्थान में 10 रोड शो किए हैं। भाजपा ने निकाय चुनावों के आखिरी चरण में अपना प्रचार तेज कर दिया है, जिसमें वरिष्ठ नेता मतदाताओं को एकजुट करने के लिए रैलियों और रोड शो में हिस्सा ले रहे हैं। प्रचार के दौरान समर्थकों को संबोधित करते हुए शर्मा ने दावा किया कि उनकी सरकार ने जयपुर समेत पूरे राजस्थान से 'लव जिहाद' की समस्या को खत्म कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने पिछले ढाई वर्षों में अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन उपलब्धियों से कांग्रेस में चिंता पैदा हुई है और पिछली सरकार पर 'लूट-खसोट और बेलगाम छूट' की राजनीति करने का आरोप लगाया। शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार से जुड़े अधिकारी और मंत्री अब जेल में हैं।

भजनलाल शर्मा ने वोटर्स से लोकल बॉडी और पंचायत चुनावों में भाजपा का समर्थन करने की अपील की और कहा कि इससे 'ट्रिपल-इंजन' सरकार बनेगी और विकास तेजी से होगा।

उन्होंने वोटर्स से मौजूदा 'डबल-इंजन' गवर्नेंस मॉडल में तीसरा इंजन जोड़ने की अपील की और वादा किया कि उनकी सरकार चुने हुए प्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के सुझाए गए विकास कार्यों को पूरा करेगी। भाजपा नेता रघुनाथ नरेड़ी सुबह से ही मुख्यमंत्री के रोडशो वाले वाहन पर व्यवस्था संभालते दिखे। नगर निकाय चुनाव के टिकटों की घोषणा से पहले नरेड़ी को मेयर पद के लिए मजबूत दावेदार माना जा रहा था, लेकिन भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इसलिए, मुख्यमंत्री के रोड शो के प्रबंधन में उनकी सक्रिय भूमिका ने राजनीतिक ध्यान आकर्षित किया है। रोडशो से पहले मुख्यमंत्री का पूर्व-मुखी हनुमान मंदिर जाने और जयपुर के व्यापार संघों के पदाधिकारियों से मिले। बैठक के लिए मंदिर में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महासचिव सुरेश सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

जयपुर रोड शो के साथ ही राजस्थान में स्थानीय निकाय चुनावों के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान समाप्त हो गया है। भाजपा और कांग्रेस ने मतदाताओं से अपनी अंतिम अपील तेज कर दी है, जिसमें वरिष्ठ नेता स्थानीय विकास, शासन और राजनीतिक कामकाज पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कम्प्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।